<u>सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय में बाल –दिवस</u>

14 नवंबर 2017, सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर , भोपाल में बाल – दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज , सिस्टर एनलीट ,सिस्टर निकिता, श्रीमती ज्योति नायर तथा प्रायमरी , मिडिल – सेकण्डरी विंग के हेड – ब्वाय तथा हेड गर्ल ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप–प्रज्जवलन से हुआ । इसके पश्चात् प्रार्थना नृत्य के साथ विद्यालय के शिक्षक – शिक्षिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। इस अवसर पर फ्यूजन – डांस व मोबाइल के बेहतर प्रयोग को शिक्षा देती नाटिका की प्रस्तुति की गई ।

विद्यालय प्राचार्य ने छात्रों को बाल –दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने बचपन के स्मरण सुनाए । उन्होंने कहा कि बाल –जीवन बेहतर समय है, अपनी रूचियों को सँवारते हुए जीवन को बेहतर रूप प्रदान करने का इसलिए इसको निखारते हुए प्रगति की ओर अग्रसर हो।

अंत में असिटेंट हेड ब्वाय तथा हेड – गर्ल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र–गान से हुआ।

****